हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


13 400 को बंद कर सिर्फ 200 यूनिट हॉफ योजना लागू किए ...



14 स्कूल बस सुरक्षा पर बेमेतरा पुलिस सख्त




## खबर संक्षेप

### लाखों का गांजा समेत एक आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी अवैध रूप से करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टांगरपाडा तोरा बरगढ़ ओडिशा निवासी शखील बाग नामक युवक ट्राली बैग में गांजा रखकर उसे बेचने के लिए दल्ली राजहरा जाने वाली ट्रेन में रिसामा रेल्वे स्टेशन से उतरकर अण्डा गांव आने की तैयारी में था। पुलिस टीम यात्री प्रतक्षालय रेलवे स्टेशन चौक रिसामा पहुंची और आरोपी के कब्जे से ट्राली बैग के भीतर से गांजा और मोबाईल, नगदी रकम जब्त किया। आरोपी के पास से दो पालिथन में भरे हरे कच्चे दानेदार गांजा 9 किलो 668 ग्राम बरामद किया। जिसकी कीमत 5 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय दुर्ग में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी भानू प्रताप साव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### रंजिश के चलते गाली गलौज और मारपीट

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत आपसी रंजिश के चलते दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। जामुल पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 14 ब्लाक डी वार्ड 23 घासीदास नगर जामुल निवासी लेखराम पासवान श्रमिक के रूप में काम करता है। 23 नवम्बर को साहू किराना स्टोर के पास घासीदास नगर जामुल में अपने दोस्त सोहेब के साथ आनलाइन रकम ट्रासफर करा रहा था। तभी चन्द्र दीप , राजू खंजर , आयुष , मोनू पहुंचे आयुष के साथ हुए रंजिश के चलते गाली गलौज करना शुरु कर दिया। जिसका पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर चन्द्र दीप ने बाईक की चैन , राजू खंजर लोहे का पाईप , आयुष बेस बल्ला और मोनू ने जमकर मारपीट किया। इस दौरान मोबाइल गिर गया।


### अनाचार का आरोपी हुआ था फरार, तीन पुलिस कर्मी लाइन अटैच

**भिलाई।** तांत्रिक बनकर अनाचार करने वाला आरोपी के थाने से फरार होने के मामले में एसएसपी विजय अग्रवाल ने तीन पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। आरोपी पुलिस थाने से 21 नवंबर ले फरार हो गया था। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी हेमंत अग्रवाल को जामुल पुलिस ने भिलाई तीन थाने लाकर रखा था। लेकिन न तो यहां के स्टाफ को इसकी जानकारी दी गई। रोजनामचा में भी इसके बारे में कुछ भी दर्ज नहीं कराई गई थी। बताया जा रहा है कि पुलिस कर्मियों ने उसे थाने के बाहर ही बैठा दिया था।

## बीएलओ द्वारा अधूरी प्रक्रिया की शिकायत, दो गणना पत्रक न देने पर कार्रवाई की बात

# कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का निरीक्षण, एसआईआर कार्यों और खरीदी केंद्र की स्थिति पर जताई गंभीर चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बेमेतरा जिले में निर्वाचन आयोग द्वारा चल रहे विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। वे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहेरा पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) से बूथों में चल रहे एसआईआर कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त बीएलए से भी एसआईआर कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

- धान खरीदी में अव्यवस्था का आरोप–ग्रामीणों ने बिजली बिल व खरीदी समस्याओं से अवगत कराया

निरीक्षण के दौरान प्रदेश अध्यक्ष को बताया गया कि बूथ क्रमांक 3 पर 60 प्रतिशत और बूथ क्रमांक 4 पर 55 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। इसी बीच उन्हें यह शिकायत भी मिली कि बीएलओ द्वारा मतदाताओं को केवल एक ही गणना पत्रक दिया जा रहा है, जबकि निर्वाचन आयोग दो प्रतियों में गणना पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश देता है। दीपक बैज ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए कहा कि वे इस संबंध में निर्वाचन आयोग से बात करेंगे।

**ये रहे उपस्थितः** इस दौरान पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, पूर्व विधायक पंडरिया सुरेंद्र तिवारी, रवि परगनिहा, ललित विश्वकर्मा, प्रभारी महामंत्री मिथलेश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विजय बघेल, अयोध्या चंद्राकर, हरि साहू, जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़, जिला पंचायत सदस्य सुमित सिंह ठाकुर, निलेश ठाकुर, नितेश वैष्णव, मोहित राम वर्मा, बहल वर्मा, ऋषि वर्मा, मनोज शर्मा, अतुल साहू, योगिता साहू, भारत भूषण साहू, राशबिहारी कुर्रे, रीता पांडे, देवेंद्र ▶▶| शेष पेज 13 पर

### खरीदी केंद्र की स्थिति का लिया जायजा

ग्राम बहेरा में निरीक्षण के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने धान खरीदी केंद्र की स्थिति का भी जायजा लिया। ग्रामीणों ने उनसे बढ़े हुए बिजली बिल, धान विक्रय में हो रही दिक्कतों और प्रशासनिक उदासीनता के बारे में खुलकर अपनी समस्याएं साझा कीं। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार धान खरीदी को लेकर गंभीर नहीं है। प्रदेश सरकार की नीतियों से यह साफ है कि उसकी मंशा धान खरीदी प्रक्रिया को सुचारू करने की नहीं, बल्कि बाधाएं खड़ी करने की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में प्रदेश की आर्थिक स्थिति चरमराई हुई है और किसान–गरीब लगातार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में शराब दुकानों की संख्या बढ़ाई जा रही है, जबकि धान खरीदी को लेकर नए-नए रोड़े अटकाए जा रहे हैं, जिससे सरकार की नीयत स्पष्ट हो जाती है। इस निरीक्षण के दौरान बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को किसानों से मिलवाया और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में त्रुटियों से धान बेचने में किसानों को परेशानी



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान बेचने की तैयारी कर रहे तहसील क्षेत्र के सैकड़ों किसान इन दिनों रकबा कटौती की गंभीर समस्या से परेशान हैं। गिरदावली और डिजिटल क्रॉप सर्वे में हुई व्यापक लापरवाही के कारण किसानों को रोजाना कभी तहसील तो कभी पटवारी के कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई किसानों के खेतों में लगी धान फसल को सर्वे में गन्ना या टमाटर बताकर दर्ज कर दिया गया, वहीं अनेक किसानों के नाम पर रकबा शून्य दिखा दिया गया, जिससे वे समर्थन मूल्य पर धान बेच ही नहीं पा रहे हैं। प्रशासनिक गलियारों में भटकते-भटकते किसान थक चुके हैं। त्रुटि सुधार के अंतिम दिवस तहसील कार्यालय से अनुमोदन मिलने के बाद सोसायटी द्वारा अधिकांश किसानों के रकबे में सुधार कर दिया गया, लेकिन बड़ी संख्या में किसान ऐसे भी रह गए जिनकी फाइलें लंबित रहने के कारण सुधार नहीं हो पाया और अब उनके पास कोई विकल्प भी नहीं दिखाई दे रहा। इससे किसानों में गहरी निराशा और आक्रोश है।

- त्रुटि सुधार के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर, पर समाधान अधूरा

डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य अगस्त–सितंबर माह में किसान मित्रों के माध्यम से किया गया था, लेकिन ▶▶| शेष पेज 13 पर

### एसआईआर में लगाई गई एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों की ड्यूटी

उधर प्रदेशभर में 4 नवंबर से शुरू हुए मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के कारण राजस्व विभाग के एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों की ड्यूटी इस कार्य में लगा दी गई है। परिणामस्वरूप अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय और तहसील कार्यालय में राजस्व से जुड़े लगभग सभी नियमित कार्य ठप पड़े हुए हैं। इन दिनों बिक्री नकल, भूमि सीमांकन, नक्शा, नकल बी-1 सत्यापन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, आय, जाति, निवास, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र तथा न्यायालयीन प्रकरणों की सुनवाई जैसे कामों का निपटारा नहीं हो पा रहा है। इसी बीच 15 नवंबर से धान खरीदी भी शुरू हो चुकी है, जिसका निरीक्षण भी इन्हीं अधिकारियों की जिम्मेदारी में आता है। ऐसे में राजस्व संबंधी कार्य पूरी तरह ठहर से गए हैं, जिससे आम किसानों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# कछुए की चाल में अटका पुल, कोदवा-सुरुङ्गदाहरा के हजारों ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे रहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सेतु लोकनिर्माण दुर्ग संभाग के कवर्धा सब-डिवीजन अंतर्गत दाढ़ी क्षेत्र में सकरी नदी पर बन रहा उच्चस्तरीय पुल अब कछुए की चाल का पर्याय बन चुका है। 13 महीने में बनने वाला यह पुल आज 25 माह बाद भी अधूरा पड़ा है। नतीजा कोदवा और सुरुङ्गदाहरा क्षेत्र के हजारों ग्रामीण बारिश, गर्मी, ठंड—हर मौसम में आवागमन की कठिनाइयों से जूझ रहे हैं। पिछले वर्ष तक पुल पूरा होने की उम्मीद थी, लेकिन विभागीय अफसरों की लापरवाही, ठेकेदार की उदासीनता और निर्माण की धीमी रफ्तार ने ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस दौरान निर्माण स्थल की देखरेख करने वाले सब इंजीनियर से लेकर एसडीओ और ईई तक बदलते रहे, लेकिन काम की रफ्तार आज भी वैसी ही—धीमी, सुस्त और लापरवाह।

- सकरी नदी पर उच्चस्तरीय पुल–समयसीमा पूरी हुए सालभर, फिर भी अधूरा

**गृह विधानसभा में अधूरी परियोजना पर उठ रहे सवालः** यह पूरा क्षेत्र छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल का गृह विधानसभा क्षेत्र है। मंत्री स्वयं निर्माण और विकास कार्यों में समयसीमा के पालन को लेकर सख्त निर्देशों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि उनके ही निर्वाचन क्षेत्र में महज एक पुल दो वर्षों में भी पूरा नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीणों के बीच कई सवाल खड़े हो रहे हैं और शासन–प्रशासन की कार्यशैली पर तीखी टिप्पणियां की जा रही हैं। कोदवा और सुरुङ्गदाहरा के लोग बताते हैं कि पुल अधूरा होने के चलते उन्हें तहसील मुख्यालय दाढ़ी जाने रोजाना कई किलोमीटर लंबा चक्कर काटना पड़ता है। सरकारी दफ्तरों से लेकर अस्पतालों तक, हर जरूरी काम के लिए लोगों को दोहरी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### 25 माह बाद भी पुल अधूरा-इतिहास में दर्ज धीमी रफ्तार

सकरी नदी पर कोदवा–सुरुङ्गदाहरा के बीच इस पुल के लिए 27 दिसंबर 2022 को 377.15 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। लगभग 333.33 लाख रुपये की अनुमानित लागत वाले इस निर्माण कार्य का ठेका दुर्ग की एक कंस्ट्रक्शन एजेंसी को 15 सितंबर 2023 को मिला। इसे 14 अक्टूबर 2024 तक पूरा करना था। लेकिन आज 25 माह बीतने के बावजूद पुल का निर्माण आधा-अधूरा पड़ा है। निर्माण की रफ्तार को देखकर स्थानीय लोग कह रहे हैं कि अभी भी कम से कम 3–4 महीने और लगेंगे। यह स्थिति विभाग की सुस्त कार्यशैली और ठेकेदार की गैर-गंभीरता को उजागर करती है। इस पूरे मामले पर सेतु विभाग के उप अभियंता लाकेश कुमार सिन्हा और सेतु उपसंभाग कवर्धा के अनुविभागीय अधिकारी बीडी शेण्डे से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन दोनों अधिकारियों का पक्ष नहीं मिल पाया।

## फाइनेंस पर लिया मोबाइल बेचा, किश्तें न चुकाने पर गरीब पिता ने पटाई रकम

**नांदघाट।** ग्राम खैरा के एक युवक ने अपने साथी के नाम पर चार कैमरे का मोबाइल 7000 में फाइनेंस कराया। फिर बेचकर शराब में उड़ा दिया । खरीददार ने 6 महीने से किश्तें नहीं चुकाई। कंपनी ने मोबाईल ब्लाक किया और पैसे की वसूली के लिए धन्ना जिसके नाम पर मोबाइल फाईनेंस था उस पर दबाव बनाया। फिर आर्यन तक पहुंच कर जब वसूली का तकादा पहुंचा, तब आसान ने स्वीकारोक्ति भी की और उसके गरीब पिता ने बाकी रकम की मौके पर ही अदायगी करके अपना पिंड छुड़ाया। नशे की लत बेरोजगारी महंगे शौक से युवा अपनी और अपने परिवारों को अनपेक्षित समस्याओं में डाल दे रहे हैं और डिजिटली एडिक्ट युवा पीढ़ी नशे की ओर उन्मुख है। आधुनिक कृषि से मानव श्रम में भारी कमी के साथ गांवों में बेरोजगारी उबाउ हो गई है। खाली समय का दुरुपयोग नशे में हो रहा है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाजारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्याश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण-** 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


## अध्यक्ष पद पर 64% मतों के साथ प्रेमू विजयी

# साहू समाज के चुनाव में प्रेमू साहू पैनल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़











तहसील साहू समाज नवागढ़ के चुनाव ने इस बार सामाजिक माहौल को राजनीतिक गर्मी जैसा बना दिया। सुबह से लेकर अंतिम परिणाम तक पूरे नवागढ़ में चुनावी चर्चा चरम पर रही। भारी भीड़, गहमागहमी और रोमांच—सब कुछ किसी बड़े जनप्रतिनिधि चुनाव जैसा, पर यह सामाजिक चुनाव था और नतीजों ने साफ कर दिया कि इस बार साहू समाज ने अपनी राय बेहद मजबूत तरीके से दर्ज की।

- राजनीतिक दखल को समाज ने नकारा, मतपेटियों ने दिया करारा जवाब

अध्यक्ष पद के लिए हुए सीधे मुकाबले में प्रेमू साहू ने प्रतिद्वंद्वी रामसागर साहू को 180 मतों से शिकस्त दी। कुल 646 मतों में से प्रेमू साहू को 403, जबकि रामसागर साहू को 223 मत मिले। 20 मत अमान्य रहे। मत प्रतिशत के हिसाब से प्रेमू साहू ने लगभग 64 प्रतिशत वोट पाकर निर्णायक जीत दर्ज की।

### उपाध्यक्ष सहित पूरी टीम विजयी-दीनबंधु, पुष्पलता, शत्रुहन, उषा की धमक

चुनाव के नतीजे आते ही स्पष्ट हो गया कि प्रेमू साहू की पूरी टीम पर समाज ने भरोसा जताया है। उपाध्यक्ष में दीनबंधु साहू ने भुवन साहू को 127 मतों से हराया। महिला उपाध्यक्ष में पुष्पलता साहू ने चंद्रिका को 167 मतों से जोरदार शिकस्त दी। संगठन सचिव शत्रुहन साहू ने संतोष को 118 मतों से पराजित किया। महिला संगठन सचिव उषा साहू ने सरोजनी को 103 मतों से मात दी। परिणामों के साथ संदेश साफ—समाज ने पूरे पैनल पर एकमत होकर मुहर लगाई है।

### राजनीतिक हस्तक्षेप पर समाज का करारा जवाब

इस चुनाव की सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात की रही, वह थी राजनीतिक दखलंदाजी। नवागढ़ तहसील साहू समाज के इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिला कि किसी राजनीतिक धड़े ने खुलकर हस्तक्षेप करने की कोशिश की। लेकिन सोमवार को समाज ने मतपेटियों के जरिए जवाब देते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि सामाजिक चुनावों में राजनीति की नहीं, समाज की चलती है। चुनाव स्थल के बाहर बाजार पूरे दिन गर्म रहा सुबह से लेकर मतगणना तक लोगों की भीड़ उमड़ी, हर नतीजा आते ही समर्थकों का उत्साह चरम पर, सोशल मीडिया पर अपडेट की बाढ़ एवं पूरे नवागढ़ में माहौल किसी बड़े विधानसभा चुनाव जैसा रहा।

### संदेश साफ-साहू समाज ने अपने नेतृत्व का फैसला खुद किया

परिणामों ने यह स्थापित कर दिया कि साहू समाज ने इस बार केवल पदाधिकारी नहीं चुने, बल्कि यह भी साफ कर दिया कि सामाजिक चुनावों में बाहरी राजनीति का कोई स्थान नहीं। प्रेमू साहू की जीत सिर्फ एक उम्मीदवार की नहीं, बल्कि समाज की स्वायत्तता और एकजुटता की जीत मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस का आयोजन आज

**कवर्धा।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला स्तरीय पर कार्यक्रम जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रातः 11:00 बजे भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया जाएगा। इस संबंध में सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। संविधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों तथा शासकीय सेवकों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के मूल आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा आश्यक तैयारियां की जा रही है।

### प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 7 फरवरी को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर, जिला कबीरधाम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है। कक्षा 6वीं में अनुसूचित जनजाति की 28, अनुसूचित जाति की 05 तथा अन्य वर्ग की 02 सीटें रिक्त हैं, वहीं कक्षा 9वीं में अनुसूचित जनजाति की 04, अनुसूचित जाति की 01 एवं अन्य वर्ग की 01 सीट रिक्त है। चयन परीक्षा 07 फरवरी 2026, शनिवार को दोपहर 12.00 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में वही छात्राएं पात्र होंगी जिन्होंने सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं अथवा 8वीं की वार्षिक परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हो। विभागीय जानकारी के मुताबिक इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 15 जनवरी 2026 तक शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भोरमदेव, महराजपुर में अनिवार्य रूप से जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन समय में शिक्षा परिसर से प्राप्त किया जा सकता है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 1 करोड़ 98 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

### पुल-पुलिया और सड़क निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहते हुए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा द्वारा विकास कार्यों को लगातार स्वीकृति दिलाकर उन्हें धरातल पर उतारा जा रहा है। इसी कड़ी में अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सारी एवं ग्राम चंदैनी में कुल 1 करोड़ 98 लाख 91 हजार रुपए की लागत से सड़क, नाली एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। ग्राम आगमन पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ राउत नाचा एवं डंडा नृत्य से भव्य व आत्मीय स्वागत किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम सारी में 1 करोड़ 65 लाख 59 हजार रुपये की लागत से खड़ौदा से सारी मार्ग पर पुल-पुलिया सहित 1.5 किलोमीटर लंबी मार्ग के निर्माण कार्य और ग्राम चंदैनी में ग्राम गौरवपथ योजना अंतर्गत 33 लाख 32 हजार रुपये की लागत से सीसी सड़क सह



कार्यक्रम के उपरांत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहजता और आत्मीयता का परिचय देते हुए ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए गांव की बुनियादी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रहे निरंतर विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र तेजी से विकास की नई राह पर अग्रसर हो रहा है। ग्रामीणों ने उनके सरल, सहज एवं जनसरोकारों से जुड़े व्यक्तित्व की सराहना भी की।

नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इन कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा, जल निकासी की समस्या से निजात के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच सुगम होगी और क्षेत्र के सामाजिक व आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा विधानसभा का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और सड़क, पुल-पुलिया, नाली, पेयजल, विद्युत, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को हर गांव तक पहुंचाना राज्य सरकार का दृढ़ संकल्प है। मुख्यमंत्री गौरवपथ योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों से जोड़कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र के हर गांव में प्रगति और समृद्धि की नई तस्वीर देखने को मिलेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आम जनता को शीघ्र लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, रवि राजपूत, रूपेन्द्र जायसवाल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, युवा, ग्रामीण उपस्थित थे।

### हादसा: रायपुर रोड स्थित मंगलू ढाबा के पास हादसा, मकान क्षतिग्रस्त

# गाय को बचाने के दौरान घर में घुसा ट्रक, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा कोतवाली से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में मंगलवार की दोपहर एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। बताया जाता है कि इस सड़क हादसे में एक ट्रक गाय को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक घर में जा घुसा।

दुर्घटना में जहां ट्रक चालक घायल हो गया वहीं मकान और ट्रक को भी काफी नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर पुट्ठी की बोरियों से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 6670 नेशनल हाईवे 30 से होते हुए जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान कवर्धा कोतवाली अंतर्गत रायपुर रोड स्थित मंगलू ढाबा के पास अचानक एक गाय ट्रक के सामने आ गई। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने गाय को बचाने का प्रयास किया जिसके कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे स्थित एक मकान जा घुसा और पलट गया। इस सड़क हादसे में जहां ट्रक चालक को चोटे आई है। वहीं मकान का एक बड़ा हिस्सा तथा ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास उपस्थित लोगों का घटना स्थल पर जमघट लग गया और उन्होंने घायल चालक को ट्रक से बाहर निकाला तथा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बाद में घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस अब आगे की कार्यवाही कर रही है।



#### कवर्धा में बड़ा और गंभीर हादसा टला

यहां बताना लाजिमी होगा कि भारी भरकम और तेज रफ्तार पुट्ठी की बोरियों से भरा ट्रक के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसने से जिस ढंग से घर को नुकसान पहुंचा उसे देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना गंभीर और भीषण था। इसे गनीमत ही कहें की घटना के वक्त न तो अनियंत्रित ट्रक के सामने कोई था और न ही क्षतिग्रस्त मकान में कोई मौजूद था। नहीं तो किसी बड़ी और गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

#### जिले की सड़कों में निराश्रित मवेशी बन रहे दुर्घटना का कारण

शासन-प्रशासन के लाख दावों और तथा कथित योजनाओं व कार्यों के बाद भी जिले की सड़कों में निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं सामने आ रहा है। जिसका खामियाजा कभी मवेशियों को अपनी जान गवां कर भुगतना पड़ रहा है तो कभी वाहन चालक अपनी जान गवां रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि बावजूद इसके शासन-प्रशासन इस गंभीर व जीवलेवा समस्या के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है।

# जुआरियों की फड़ में पुलिस की दबिश, दो आरोपी गिरफ्तार, बाकी फरार



■ 1.06 लाख रुपए जप्त, पोंड़ी पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए पोंड़ी चौकी पुलिस ने दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास 1.06 लाख रूपए भी बरामद किए है। गिरफ्त में आए जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तक कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को मुखबिर के जरिए पोंड़ी पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम कुसुमघटा में फड़ जमाकर 52 पत्ती तास के जरिए रूपए पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पोंड़ी पुलिस ने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशों में एक टीम गठित की और मौके पर दबिस दी। बताया जाता है कि पुलिस के आने की सूचना पाकर फड़ जमाकर जुआ खेल रहे कई जुआरी मौके से फरार हो गए लेकिन पुलिस ने आरोपी मुकेश वर्मा पिता प्रहलाद वर्मा आयु 30 वर्ष और बाल्मिकी वर्मा पिता तुकाराम वर्मा आयु 42 वर्ष, निवासी कुसुमघटा चौकी पोंड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम को दबोच लिया। पुलिस ने इस दोनों आरोपियों के पास से कुल 1,06,900 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश और एक प्लास्टिक बोरी जप्त की है। गिरफ्त में आए दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा संबंधित अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और गिरफ्तार किया गया। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ग्वालियर किले में छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षु गाइडों का विरासत अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, कांकेर, बस्तर, सरगुजा और दंतेवाड़ा से आए ट्रैनी गाइडों ने डॉ चंद्रशेखर बरूआ के मार्गदर्शन में ग्वालियर किले की विरासत का गहन अध्ययन किया। अध्ययन यात्रा की शुरुआत गुजरी महल संग्रहालय से हुई, जहां विद्यार्थियों ने संग्रहालय में संरक्षित दुर्लभ प्रतिमाओं, शिल्पकला और धातुकला के उत्कृष्ट उदाहरणों को करीब से देखा। विशेषज्ञों ने कुछ प्रतिमाओं की तुलना विश्व-प्रसिद्ध मोनालिसा पेंटिंग से करते हुए बताया कि जैसे मोनालिसा की सूक्ष्म मुस्कान और अभिव्यक्ति कला का शिखर मानी जाती है, वैसे ही गुजरी महल की प्रतिमाएँ अपनी नाजुकता, संतुलन और भाव-अभिव्यक्ति के कारण अद्वितीय हैं। इसके बाद दल मानसिंह महल (मानमंदिर) पहुंचा, जहां रंगीन टाइलवर्क, राजसी कक्षों और हिंदू-तुर्की मिश्रित स्थापत्य ने ट्रेनी गाइडों को प्रभावित किया। महल के संगीत व नृत्य सभागारों की संरचना भी अध्ययन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही। अगले चरण में प्रतिभागियों ने जैन पर्वत-उत्कीर्ण प्रतिमाओं का अध्ययन किया। विशाल तीर्थंकर मूर्तियों की निर्माण तकनीक, प्रतीकात्मकता और मध्यकालीन जैन समाज की उपस्थिति ने विद्यार्थियों को मूर्तिकला व धार्मिक विरासत की गहरी समझ दी। इसके बाद समूह सहस्त्रबाहु (सास-बहू) मंदिर पहुंचा, जहां नागर शैली की सूक्ष्म नक्काशी और स्थापत्य संतुलन को विस्तार से समझाया गया। मंदिर परिसर की अलंकरण शैली और कला विशेषताओं का भी अध्ययन किया गया। दौरे का अगला पड़ाव चतुर्भुज मंदिर रहा, जहाँ गाइडों ने विश्व के सबसे प्राचीन शून्य (0) के अभिलेख का अवलोकन किया जो भारतीय गणितीय प्रतिभा का सबसे महत्वपूर्ण प्रमाण माना जाता है। अंत में भ्रमण का समापन तेली के मंदिर पर हुआ। गुप्त गुर्जर प्रतिहार शैली के इस अद्वितीय मंदिर की ऊंची संरचना, विशाल अलंकरण तकनीक और स्थापत्य मिश्रण ने प्रशिक्षुओं को मध्यकालीन मंदिर निर्माण की समृद्ध परंपरा से अवगत कराया। डॉ चंद्रशेखर बरुआ ने बताया कि इस तरह का प्रत्यक्ष भ्रमण ट्रेनी गाइडों को इतिहास, कला और स्थापत्य के बारे में गहन समझ प्रदान करता है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा का आरोप बेबुनियाद व निराधार : बलीराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले की पिपरिया तहसील अंतर्गत ग्राम खपरी में दो पक्षों के बीच शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर चल रहा विवाद गहराते जा रहा है। हाल ही में स्थानीय निवासी रामाधार सिन्हा पिता थुकेल सिन्हा ने ग्रामीण बलीराम सिन्हा पर आरोप लगाया था कि उसने गांव गौचर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कराया है।

रामाधार ने इस मामले की शिकायत प्रशासन से भी की थी। लेकिन बलीराम ने रामाधार के आरोपों को निराधार तथा द्वेष भावना पूर्ण बताया है। बलीराम ने स्पष्ट किया की जिस शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की बात की जा रही है उस पर वे सन 1975 से काबिज है।

वहीं उन्होंने काबिज शासकीय भूमि पर निर्माण कार्य कराए जाने से पूर्व ग्राम पंचायत से अनुमति ली है। जिस पर ग्राम पंचायत ने बकायदा ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर उन्हें अनापत्ति प्रदान की है। लेकिन रामाधार सिन्हा द्वारा बेवजह झूठा और बेबुनियाद आरोप लगाते हुए उनकी शिकायत यहां वहां कर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिस पर बलीराम ने प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

### छात्र-छात्राओं ने जाना पारंपरिक खेलों का महत्व

**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक स्कूल चंदनपुर में शनिवार को पारंपरिक खेलकूद पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधान पाठिका जानकी भारती के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों को सुबह प्रार्थना के साथ योगाभ्यास कराया गया। इसके बाद खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बच्चों ने न केवल खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई, बल्कि इन पारंपरिक खेलों के महत्व और उनसे मिलने वाले शारीरिक व मानसिक लाभों के बारे में भी जाना। ग्रामीणों ने भी इस आयोजन की सराहना की।

# ब्लाक कांग्रेस ने की तिथि बढ़ाए जाने की मांग...




**कवर्धा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में मंगलवार को रकबा संशोधन कार्य की तारीख बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पंडरिया को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने बताया कि जिले सहित पंडरिया विकासखण्ड के ऐसे सैकड़ों किसान है जिनका भुइयां एप्प में धान का रकबा और एग्रोटेक एप्प में धान का रकबा अलग-अलग है और उनका संशोधन अब तक नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस कार्य के लिए अंतिम तिथि 25 नवम्बर निर्धारित की थी। लेकिन 25 नवम्बर तक भी यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसे में उन्होंने शासन से ज्ञापन सौंपकर पंजीयन एवं रकबा संशोधन तिथि आगे बढ़ाए जाने की मांग की है ताकि किसी भी किसान को समर्थन मूल्य में अपनी धान की फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो और वह धान बेचने से वंचित न रह पाए।

### कलेक्टर वर्मा ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# एसआईआर की प्रगति बढ़ाने फील्ड मॉनिटरिंग पर उतरें अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी अफसरों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के तहत जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में फॉर्म कलेक्शन और डिजिटाइजेशन में प्रगति को बढ़ाने की जरूरत है। विशेषकर नगरीय निकायों में जहां मतदाताओं की संख्या अधिक है वहां अतिरिक्त मानव संसाधन लगाकर भरे फॉर्म एकत्र कर तुरंत ऑनलाइन अपडेट किया जाए। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि नगरीय निकायों और जिन ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगति धीमी है वहां अतिरिक्त मैन पावर लगाएं, साथ ही मॉनिटरिंग के लिए अधिकारी भी फील्ड पर सक्रियता के साथ नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम आवास निर्माण की प्रगति को लेकर सभी सीईओ जनपदों से बारी बारी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी आवास अविलंब प्रारंभ किए जाएं। आवास निर्माण को लेकर जनपद स्तर पर मॉनिटरिंग का सिस्टम बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि तकनीकी सहायक सहित जनपद स्टाफ निरंतर फील्ड निरीक्षण कर अपडेट दें। जहां कहीं आवास निर्माण से जुड़ी कोई दिक्कत है तो तत्काल उसका समाधान करवाएं। आवासों का पूरा गुणवत्ता के साथ त्वरित निर्माण पूर्ण करना अभी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। कलेक्टर ने कहा कि नियमित रूप से इसकी समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका द्वारा कवर्धा शहर में बनाए जा रहे चौपाटी निर्माण की प्रगति के बारे में अपडेट लिया, और अन्य विभागों के निर्माण प्रोजेक्टस की भी समीक्षा की। लोक निर्माण विभाग द्वारा बायपास मार्ग में चल रहे सड़क निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली और कहा कि सड़क निर्माण के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। ट्रैफिक डायवर्सन बताने आवश्यक संकेतक लगाने और लोगों को तैनात करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी को लेकर कहा कि उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से खरीदी हो। धान खरीदी से संबंधित सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। पीएम जनमन योजना के तहत बन रहे मल्टी परपस सेंटर और आंगनबाड़ी निर्माण कार्यों को भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने निर्माण एजेंसीज को दिए।



# छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि बीईओ से मिले, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक संघ ने मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष नारायण प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से समन्वयकों ने शिक्षकीय कार्य के अतिरिक्त दशहरा, दीपावली, शीतकालीन तथा ग्रीष्मावकाश में किए गए कार्यों के लिए शासकीय नियमानुसार प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में अधिकतम 30 दिवस का अर्जित अवकाश सर्विस बुक में इंद्राज करने की मांग की है। साथ ही सभी शिक्षकों व संकुल समन्वयकों के सर्विस बुक का सत्यापन राजनांदगांव व दुर्ग से कराने तथा समन्वयकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में ना लगाने की मांग किया गया है। जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जल्द से जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष नारायण त्रिपाठी, किरण कुमार मिश्रा, देवेंद्र पाण्डेय, राजकिरण चंद्रवंशी, मनोज साहू, रेखूराम भट्ट, संजीव शर्मा, शिव पटेल, गौकरण सिंह धुर्वे उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### धान खरीदी की धीमी रफ्तार, 25 से धरना

**भिलाई।** धान खरीदी की धीमी गति के खिलाफ 25 को दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास और धमधा में गंडई चौक में किसान आक्रोश व्यक्त करेंगे। विगत दिनों नगपुरा में सम्पन्न छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार धान खरीदी की धीमी गति और टोकन की परेशानियों से पीड़ित किसानों द्वारा मंगलवार 25 नवंबर को दोपहर 12 बजे दुर्ग में गांधी प्रतिमा के पास और धमधा में गंडई चौक में एकसाथ प्रदर्शन करने सड़क पर उतरेंगे अन्नदाता किसान, प्रदर्शन कार्यक्रम का अनुमोदन करते हुए संगठन के धमधा तहसील स्तरीय बैठक में किसानों का कहना था कि सहकारी समितियों के कर्मचारियों और कम्प्यूटर आपरेटरों की हड़ताल खत्म होने के बाद किसानों में उम्मीद हो गई थी कि सोमवार 24 नवंबर से धान खरीदी सुचारू रूप से और पूरी क्षमता के साथ शुरू होने लगेगी। किंतु राज्य सरकार ने दक्ष कम्प्यूटर आपरेटरों की ड्यूटी एसआईआर में लगा दिया गया है, जिसके कारण पूरा क्षमता और गति से धान खरीदी शुरू होने की संभावना नहीं रह गई है। किसानों ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार जानबूझकर धान खरीदी की गति को सीमित करने की मंशा रखती है ताकि किसान धान बेचने के प्रति हतोत्साहित और परेशान हो जाये, ताकि सरकार को किसानों से कम और सीमित मात्रा में ही धान खरीदी करना पड़े।

### गणना पत्रक भरने के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**दुर्ग ।** बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं के बीच यह गलत जानकारी प्रसारित की जा रही है कि गणना पत्रक केवल विशेष रंग की स्याही या पेन से ही भरे जाने पर स्वीकार किए जाएंगे। इस भ्रामक सूचना के कारण मतदाताओं में अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि गणना पत्रक भरने के लिए किसी भी विशेष रंग की स्याही या पेन का उपयोग अनिवार्य नहीं है। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को आयोग के वास्तविक दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि पुनरीक्षण कार्य सही जानकारी, पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संपादित किया जाए। निर्वाचन कार्यालय ने मतदाताओं से भी कहा है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें।

### बीपी सिंह बार काउंसिल के सदस्य निर्वाचित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद् बिलासपुर के 25 सदस्यों का चुनाव 30 सितंबर को पूरे प्रदेश के बार संघों में हुआ। इस चुनाव में दुर्ग अधिवक्ता संघ के कुल 13 सदस्य मैदान में रहे। देर रात 21 नवंबर को घोषित अंतिम परिणाम में दुर्ग के 4 अधिवक्ता सदस्य निर्वाचित हुए। जिसमें बादशाह प्रसाद सिंह, नरेंद्र सोनी, संतोष कुमार वर्मा, उत्तम चंदेल शामिल हैं। साथ ही बादशाह प्रसाद सिंह लगातार तीसरी बार छत्तीसगढ़ अधिवक्ता बार काउंसिल में जीत हासिल की है।

### स्कूल भवन का हुआ भूमिपूजन

**दुर्ग।** ग्राम पीपरछेड़ी बालोद में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में नवीन हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण के भूमिपूजन एवं डोम शेड के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक ललित चन्द्राकर ने 1 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विकास कार्य का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, राकेश यादव, भाजपा महामंत्री बालोद राकेश यादव आदि मौजूद थे।

## पटेल चौक में ऊंट लेकर पहुंचे कार्यकर्ता, कहा- निर्णय ऊंट के मुंह में जीरा

# 400 को बंद कर सिर्फ 200 यूनिट हॉफ योजना लागू किए जाने को लेकर प्रदर्शन

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर दर्ज कराया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला ग्रामीण कांग्रेस ने सोमवार को जिला मुख्यालय में दुर्ग के बिजली ऑफिस और कलेक्ट्रेट के सामने कांग्रेसियों ने ऊंट को जीरा खिलाकर बिजली बिल हॉफ योजना को 200 यूनिट करने का विरोध किया। पूर्व में कांग्रेस की सरकार की तरह 400 यूनिट करने की मांग की गई। प्रदर्शन में पूर्व विधायक अरुण वोरा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा एवं दुर्ग ग्रामीण व शहर के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पंचायत, जनपद, सदस्य, पार्षद, सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता ने जोरदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया।

राकेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए 400 यूनिट तक की बिजली खपत में हाफ बिजली बिल योजना लागू किया था, लेकिन कुछ माह पूर्व ही वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा लाखों उपभोक्ताओं के जेब का परवाह न करते हुवे उक्त 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना में कटौती करते हुवे सिर्फ 100 यूनिट बिजली में ही हाफ बिजली प्रदान करने का निर्णय ले लिया गया।



#### स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा दोहरा भार

राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल, स्मार्ट मीटर के नाम पर छत्तीसगढ की जनता के साथ किये जा रहे लगातार शोषण को बंद किया जाए नही तो जब तक सरकार 400 यूनिट हॉफ भी करेगी कांग्रेस लगातार और उग्र प्रदर्शन करेगी। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना को बंद करना भाजपा सरकार का जनविरोधी निर्णय है। यह सरकार जनता के प्रति संवेदनशील नहीं है। पहले किसानों के हाहाकार अब आम जनता पर बिजली की अतिरिक्त भार लगातार विरोध के बाद यह सरकार कुंभकरण की नींद सोई है। लगातार आंदोलन के बाद भी सरकार द्वारा जनहित के निर्णय नहीं दिए जा रहे आने वाले 2028 के चुनाव में ही अब जनता इन्हें नींद से जगाएगी और सत्ता से हटाएगी।

#### आगे भी जारी रहेगा कांग्रेस का यह प्रदर्शन

इस दौरान प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू ने कहा बिजली बिल हॉफ योजना बंद करना, स्मार्ट मीटर लगाना और सौर ऊर्जा का प्रचार प्रसार छत्तीसगढ़ की जनता नहीं केवल साहब के उद्योगपति मित्र अदानी को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान एसडीएम हितेश पिस्दा, बिजली विभाग के एई आलोक साहू को ज्ञापन सौंपा गया। पप्रदर्शन के दौरान उमाकांत चंद्राकर, शिवकुमार वर्मा, राजीव गुप्ता अलताफ अहमद, जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, प्रवक्ता नासिर खोखर, परमजीत सिंह भुई, कैलाश नाहटा, ओनी महिलांग, अनूप वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

#### बाकलीवाल ने कहा- 400 यूनिट तक हॉफ बिजली का मिले लाभ

प्रदर्शन के दौरान पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जनता को पूर्व की तरह 400 यूनिट तक हॉफ बिजली योजना का लाभ मिलना चाहिए। इसके अलावा बढ़ाई गई दरों को भी कम किया जाना चाहिए। सरकार को चाहिए कि बढ़ते भार को कम करने के लिए अन्य जगहों से राशि का समायोजन करे, जनता पर अतिरिक्त भार न डाले। अय्यूब खान ने कहा कि जनता सरकार के निर्णय से हराकान हो गई है। जिसके लिए हम कांग्रेसियों ने मिलकर इस निर्णय का विरोध करते हुए आन्दोलन भी किये थे। मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को लालटेन सौप कर विरोध दर्ज कराया था, पूरे प्रदेश में उक्त निर्णय के खिलाफ आन्दोलन के बाद से सरकार बैकफुट पर आई भाजपा सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना के तहत मामूली बढ़ोतरी करते हुवे 100 यूनिट को बढ़ाकर 200 यूनिट किया गया है जो प्रदेश में महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए ऊंट के मुंह में जीरा के सामान है।

## एसआईआर प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य तेज करने के लिए दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य तेज गति से जारी है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं तथा प्राप्त भरे हुए प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन कार्य प्रगति पर है।

■ कलेक्टर ने की एसआईआर की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर विधानसभा क्षेत्रों 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर एवं 66 वैशाली नगर में डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। विधानसभा 64 दुर्ग शहर की समीक्षा बैठक नगर पालिक निगम दुर्ग के सभाकक्ष में तथा 65 भिलाई नगर एवं 66 वैशाली नगर की बैठक नगर पालिक निगम भिलाई कार्यालय में आयोजित की गई। बैठकों में संबंधित क्षेत्रों के नगर पालिक निगम आयुक्त, अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सभी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कम डिजिटाइजेशन प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों को चिन्हांकित कर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आगामी 3–4 दिनों में डिजिटाइजेशन प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा को ध्यान रखते हुए सभी गणना प्रपत्रों का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी जारी किए। जिला प्रशासन द्वारा एसआईआर-2026 को सफलतापूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए निरंतर निगरानी और समीक्षा की जा रही है।

## सामुदायिक भवन का मंत्री ने किया निरीक्षण



**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम के वार्ड 15 सिकोला बस्ती में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का आज स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। भवन निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता तथा उपयोगिता की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सिकोला बस्ती वार्ड 15 में बन रहा यह भवन क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा। सार्वजनिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन, सामाजिक बैठकें तथा अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए इस भवन सुविधाजनक स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार का उद्देश्य हर वार्ड में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। जिससे नागरिकों को बेहतर वातावरण एवं सुचारू सेवाएं मिल सकें। मंत्री ने सड़क, पानी, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यकताओं पर नागरिकों ने अपने सुझाव साझा किए। निरीक्षण के दौरान सभापति श्याम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, युवराज कुंजाम, सरस निर्मलकर, मन्नू साहू आदि मौजूद रहे।

## कन्या कॉलेज में प्रवेश के लिए किया प्रोत्साहित



**दुर्ग।** महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा आयोजित बैठक में प्राध्यापकों को निकटम विद्यालयों में भ्रमण एवं महाविद्यालय की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बच्चों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आदेशित किया गया। जिसके अंतर्गत 22 नवंबर को अर्धशासकीय दाऊ रु प्रसाद राष्ट्रीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से महाविद्यालय की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं को प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। अंत में विद्यार्थियों को फीडबैक फार्म प्रदान कर उनसे इस कार्यक्रम एवं महाविद्यालय से संबंधित जानकारी के संतुष्टि की प्राप्ति हुई तथा इस कार्यक्रम में लगभग 55 छात्राएं उपस्थित रहीं।

## धान खरीदी प्रक्रिया में तकनीकी पहल और बुनियादी सुधार से खुश हुए किसान

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धान समर्थन मूल्य में वृद्धि तथा उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं की बढ़ोतरी के चलते अब किसानों को अपनी उपज बेचने में सहजता हो रही है। दुर्ग जिले के ग्राम जंजगिरी के किसान श्री गौकरण साहू ने इस वर्ष लगभग 139 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि सोसायटी में इस बार की सुगठित भंडारण व्यवस्था, तेज़ तौल प्रक्रिया तथा मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता ने पूरी प्रक्रिया को सहज और तनावमुक्त बना दिया है। उन्होंने बताया कि इस बार तुंहर टोकन एप के माध्यम से घर बैठे टोकन कट गया। खरीदी केंद्र में बिजली और संचार की अच्छी व्यवस्था रही।श्री साहू का कहना है कि सरकार द्वारा युद्धस्तर पर किए गए बुनियादी सुधार और तकनीकी पहल जैसे मजबूत पावर सप्लाई, साफ़-सुथरे प्लेटफ़ॉर्म, व्यवस्थित बोरा प्रबंधन और डिजीटल टोकन जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों का समय और श्रम दोनों बचाया है। वे बताते हैं कि अब किसान अपनी मेहनत की उपज को बिना किसी अनावश्यक प्रतीक्षा के उचित स्थान पर जमा कर पा रहे हैं।

## रजिस्ट्री शुल्क बढ़ोतरी के विरोध में किरण देव के सामने प्रदर्शन

### प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



रजिस्ट्री शुल्क में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में सोमवार को लोगों ने प्रदर्शन किया। वे रैली की शक्ल में कलेक्ट्रट पहुंच रहे थे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कांतिलाल बोथरा के निवास पहुंचे थे।

वहीं से लौटते समय प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा रजिस्ट्री शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम जनता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार इस निर्णय को जल्द वापस नहीं लेती है, तो जनता व्यापक आंदोलन के लिए मजबूर होगी, जिसके लिए शासन-प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से इस विषय पर चर्चा का भरोसा भी दिलाया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन श्यामलाल साहू को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि रजिस्ट्री शुल्क और जमीन के बाजार मूल्य में की गई बढ़ोतरी आम लोगों पर सीधा प्रहार है, जिसे तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि जनहित में रजिस्ट्री शुल्क एवं जमीन के बाजार भाव को कम किया जाए, ताकि आम नागरिक राहत महसूस कर सकें। बता दें कि सरकार ने रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोत्तरी की है। इसके अलावा जमीनों का बाजार मूल्य भी बढ़ाया गया है, जिसके विरोध में इस कार्य से जुड़े लोग सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे जमीन की खरीदी-बिक्री का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## दुर्ग निगम ने तय किए नोडल अधिकारी

# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन, संस्थानों में आवारा कुत्तों से सुरक्षा व्यवस्था होगी कड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो रिट पिटीशन सिविल के तहत दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने नगर पालिक निगम में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

■ आयुक्त ने जारी किए निर्देश

बैठक के दौरान शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाने और नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि निगम क्षेत्र के अंतर्गत संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थान, सभी अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थान, स्टेडियम, खेल परिसर, बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन, जैसे भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थलों में फेंसिंग, बाउंड्री वॉल, गेट, सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा कर्मियों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आवारा कुत्तों का प्रवेश रोका जा सके। निगम अधिकारियों ने कहा कि परिसर में स्वच्छता एवं रख-रखाव की मजबूत व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा, ताकि कुत्तों को भोजन या ठहरने का कोई कारण न मिले।




#### कुत्तों को सड़क पर न दें भोजन

निगम का यह कदम नागरिकों, विशेषकर बच्चों, मरीजों, खिलाड़ियों एवं दैनिक यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, जिससे भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना और दिक्कतों को रोका जा सके। नगर निगम ने नागरिक स्वच्छता एवं जनहित में सहयोग करें, कुत्तों को सड़क व सार्वजनिक परिसरों में भोजन न कराएं तथा किसी भी समस्या की सूचना तुरंत हेल्पलाइन 1100 पर देने कहा गया है।

#### नोडल अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार

प्रत्येक संस्थान में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो परिसर में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक, कचरा प्रबंधन एवं साफ-सफाई की सतत निगरानी, आवश्यक संरचनात्मक सुधार कार्यों का मॉनिटरिंग करेंगे। नियुक्त नोडल अधिकारी का नाम मोबाइल नंबर निदान हेल्पलाइन 1100 संस्थान के मुख्य प्रवेश द्वार के निकट प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए, जिससे किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत निगम तक पहुंच सके।

#### चेतावनी से कार्रवाई में आएगी तेजी

निर्देशों के पालन के लिए नगर पालिक निगम दुर्ग ने शहर के सभी चिन्हांकित संस्थानों को आधिकारिक पत्र जारी कर कार्यवाही शुरू कर दी है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों के पालन में लापरवाही करने वाले संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रक्तदान शिविर में डोनेट किया ब्लड दिवाली मिलन समारोह भी मनाया

**भिलाई।** लोक संस्कृति सेवा भजन फाग एवं जस झांकी संघ जिला दुर्ग के तत्वावधान में गोवर्धन चौक उरला में रक्तदान शिविर एवं दिवाली मिलन समारोह मनाया गया। लगभग 30 व्यक्ति रक्तदान में भाग लेकर अपना रक्तदान किया। संघ की ओर से सभी को रक्तदान वीर से सम्मान किया गया। प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। आगामी आयोजन के बारे में चर्चा की गई। 150 मंडली के आयोजन समिति एवं प्रतिभागी मंडली के द्वारा दिवाली मिलन समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में उरला दुर्ग वार्ड 56 के पार्षद उपस्थित थे। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में दुर्ग जिले के रचनाकार पुरन साहू, ग्वाल निषाद, धनराज निर्मलकार, यशपाल यादव, चेतन यादव , महेश बर्मन, रत्नू चौधरी, मंगल वर्मा, लोकनाथ, देवा देशमुख, संघ के अध्यक्ष पवन यादव सचिव दुर्वासा मेश्राम, हेमंत चौहान, जयदेव यादव , संजय यादव, एवन साहू, राजा एवं संघ के सदस्य उपस्थि थे।

## डिजिटलाइजेशन कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग संभाग के आयुक्त एवं रोल आब्वर्जवर सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अभिजीत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र भिलाई के अंतर्गत एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं से प्राप्त गणना पत्रकों का नगर निगम भिलाई के सभागार में चल रहे डिजिटलाइजेशन कार्य का निरीक्षण कर डिजिलाटइजेशन में और तेजी लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, ईआरओ अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डे उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री राठौर और कलेक्टर श्री सिंह ने दुर्ग जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र मचान्दुर, रिसामा और अण्डा में भी डिजिटलाइजेशन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने मचान्दुर और रिसामा में बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा संपादित कार्यों का सराहना की और शत-प्रतिशत कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। वहीं अण्डा में बीएलओ के कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना पत्रक एकत्र कर डिजिलाइजेशन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

पेज 11 के शेष

### कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ...

साहू, अरमान साहू, राजू साहू, पार्षद अजय राज सेन, विक्की मिश्रा, शिव वर्मा, जनपद सदस्य प्रज्वल वर्मा, आसिफ खान, सिद्दीक खान, राजकुमार बंजारे, बहल वर्मा, जावेद खान, संजय वर्मा, प्रकाश साहू, घनश्याम देवांगन, अनिल दुबे, उत्पल गायकवाड़ सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे ...

सर्वे में गंभीर त्रुटियां सामने आईं। सर्वे के बाद गिरदावली प्रकाशन की प्रक्रिया भी लापरवाही से की गई। न तो प्रकाशन की मुनादी कराई गई और न ही प्रमुख चौक-चौराहों पर सूचना चस्पा की गई, जिसके कारण निरक्षर और ग्रामीण किसान अपने रकबे में हुई कटौती से लंबे समय तक अनजान बने रहे। बाद में जब किसानों ने ऑनलाइन पोर्टल पर अपना रकबा देखा तो वे स्तब्ध रह गए और तत्काल तहसील कार्यालय की ओर दौड़ पड़े।

## खबर संक्षेप

### बैठक में अस्पताल की समस्याओं पर चर्चा

**साल्हेवारा।** जीवन दीप समिति की बैठक में अस्पताल की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जीवन दीप समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रकाश वर्मा ने अस्पताल की आवश्यकताओं को विस्तार से रखा। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने जनप्रतिनिधियों के समक्ष कई सुझाव रखे गए। डॉ वर्मा ने स्टॉप की कमी से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश जंघेल, जनपद सभापति मन्नू मरकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुहन साहू, ललित सोनी, महेंद्र यादव, संतोष ठाकुर, पवार मेरावी, लक्ष्मण विश्वकर्मा, सतीश वर्मा, उमेश मरकाम आदि शामिल हुए।

### क्षत्रिय महिला महासभा का दिवाली मिलन कार्यक्रम

**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महिला महासभा का दिवाली मिलन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव अर्चना सिंह परिहार, प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह एवं समस्त वीरांगना टीम ने शामिल होकर आनंद लिया। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सिंह के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में आगामी रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस मौके पर कनकलता सिंह, अनामिका गौतम, सुधा पवार, रेखा सिंह, रीनासिंह, रवि चौहान, शशि भदौरिया, संजू सिंह, नीमा राजावत, स्वाति चौहान, डिम्पल भदौरिया, रश्मि भारद्वाज, प्रिया सिंह, आभा चौहान, निशा सेंगर, निशा सिंह, रेणुसिंह, छाया ठाकुर, माधुरी ठाकुर, शशि चौहान, रीना सिंह, वैशाली सिंह, नेहा सिंह, अचला ठाकुर, डा सूर्या सिंह, प्रियंका सिंह सहित अन्य शामिल हुए।

### शिशु मंदिर के छात्रों ने किया मशरूम उत्पादन

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कृषि संकाय के अध्यनरत भैया - बहिनों ने संकाय प्रमुख आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख के मार्गदर्शन में मशरूम उत्पादन किया है। विद्यालय परिसर में भैया बहनों द्वारा रबी मौसम की प्रमुख सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। आचार्य अनमोल पगारे ने बताया कि सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन की गतिविधियों से छात्र प्रायोगिक तौर पर विशेष ज्ञान अर्जन कर रहे हैं। विभिन्न फसलों की उत्पादन गतिविधियों में भावेश, दीपांशु, दुर्गेश, दिव्यांश, गौरव, नमन, महावीर, प्रीतम, साकेत, रोहित, रोहन, निशा, इंदु, प्राची, हेमलता, दीपा शामिल थे।

### नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्रियों पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** स्थानीय नेहरू महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग ने अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कृत अर्थशास्त्रियों के योगदान पर समूहिक परिचर्चा का आयोजन किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ आरआर कोचे ने परिचर्चा के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डाला। संचालन करते हुए सहायक प्राध्यापक मनीषा भेड़िया ने नोबेल पुरस्कार प्रदान करने के कारणों को बताया। परिचर्चा में भाग लेते हुए छात्रा करीना डोंगरे ने बताया कि इस वर्ष अर्थशास्त्र के लिए नोबेल जोएल मोकिर, पीटर हॉविट तथा फिलिप एगियन को आर्थिक विकास के नवप्रवर्तन की प्रेरणा की शोध पर सम्मानित किया गया है।

## कलेक्टर रणवीर शर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

# जनहित सर्वोपरि, योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कलेक्ट्रेट के दिशा भवन सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएँ जनहित के लिए हैं, इसलिए इनके क्रियान्वयन में तेजी और पारदर्शिता अनिवार्य है। कलेक्टर शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि वे समय पर कार्यालय पहुँचे और आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता एवं सम्मानपूर्ण व्यवहार के साथ सुनें। उन्होंने स्पष्ट किया- सरकारी कार्यालय जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हैं, इसलिए विलंब या असहयोग किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा।

**मुख्यमंत्री जनदर्शन के आवेदनों पर तत्काल एक्शन का आदेश:** बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा।



उन्होंने चेतावनी दी कि जनहित से जुड़े प्रकरणों में अनावश्यक देरी के लिए संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

### धान खरीदी की समीक्षा- अनियमितता पर होगी कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर शर्मा ने धान खरीदी व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा— पात्र किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अवैध धान विक्रय और मिलावट पर कड़ी निगरानी रखी जाए। गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपार्जन केंद्रों की सुविधाओं, तौल मशीन, सुरक्षा व्यवस्था और धान उठाव की प्रगति की भी जानकारी ली। मिलर्स को समयसीमा में एफसीआई में चावल जमा कराने के निर्देश दिए।

### प्रधानमंत्री आवास योजना व सूर्य बिजली घर योजना पर फोकस

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए लक्षित परिवारों को शीघ्र लाभान्वित करने को कहा। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य बिजली घर योजना की समीक्षा करते हुए कहा— यह योजना परिवारों को सस्ती बिजली देने के साथ अतिरिक्त बिजली उत्पादन से आमदनी का अवसर भी प्रदान करती है। इसे जन-जन तक पहुँचाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को योजना में जोड़ा जाए और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। **अंतिम निर्देश— 'अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे':** बैठक के अंत में कलेक्टर ने सभी विभागों को बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था लागू करने और योजनाओं की जमीनी प्रगति तेज करने के निर्देश देते हुए कहा-सरकार की प्रत्येक योजना तभी सफल मानी जाएगी जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुँचे।

## समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर ने सुनीं आम जनता की फरियादे

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार को समय-सीमा बैठक के उपरांत कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के विभिन्न गांवों और तहसीलों से बड़ी संख्या में लोग अपनी मांगें और शिकायतें लेकर पहुंचे। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का निस्तारण वहीं जनदर्शन कक्ष में तत्काल कर दिया गया।

- जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त, कई का मौके पर हुआ निराकरण

आज आयोजित जन चौपाल में कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें तात्कालिक समस्या वाले प्रकरणों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि गंभीर मामलों को टीएल पंजी में दर्ज कर विस्तृत जांच के निर्देश दिए



गए। जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष रखीं। तहसील नवागढ़ के ग्राम घोघरा निवासी प्रभुदास ने बबूल के पेड़ के सहारे चोरी-छिपे अवैध कच्ची बिजली लाइन खींचकर उपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और लाइन हटाने की मांग की। साजा तहसील के सोमईखुर्द निवासी रोहित लाल साहू ने हाल ही में आई आंधी-तूफान में घर व धान फसल क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई।

नांदघाट तहसील के ग्राम जुनवानी के संतराम ने हल्का पटवारी क्रमांक 02 के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की, जबकि डंगनिया निवासी बुधारू निषाद ने एग्री स्टैक में खसरा नंबर जोड़ने की समस्या रखी। इसी तरह नवागढ़ के कवरा जेवरा निवासी सागर साहू ने आधार नवीनीकरण न हो पाने की परेशानी बताई। इसके अलावा ग्रामीणों और आम नागरिकों की ओर से निराश्रित पेंशन, दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, बैटरी चलित ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराने, कटा रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटवाने, आम रास्ता खुलवाने सहित कई विषयों पर आवेदन प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए आश्वस्त किया कि किसी भी ग्रामीण को निराश नहीं लौटाया जाएगा और सभी समस्याओं का नियमानुसार समाधान कराया जाएगा। जनदर्शन के दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेमेतरा पुलिस ने 96 पाव अवैध शराब सहित बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साइबर सेल एवं थाना बेरला पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि दो युवक बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक से अहिवारा से बेरला होते हुए ग्राम चंडी भा ठा – मुडपार की ओर बड़ी मात्रा में अवैध शराब लेकर जा रहे हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और चंडीभाठा चौक पर घेराबंदी की गई। थोड़ी ही देर में मुखबिर द्वारा बताई गई बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस बाइक दिखाई दी, जिस पर एक युवक बाइक चला रहा था और पीछे सफेद बोरी लिए बैठा एक विधि से संघर्षरत बालक था। ग्राम मुडपार तालाब के पास पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को रोक लिया। तलाशी के दौरान सफेद बोरी में 96 पाव देशी मसाला 'शोले' शराब बरामद की गई। प्रत्येक पाव में 180 एमएल शराब भरी हुई थी, जिसकी कुल मात्रा 17,280 एमएल एवं कीमत लगभग 9,600 रुपये आंकी गई। शराब का बैच नंबर 011 पाया गया। दोनों के पास शराब परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले।

- बेरला– चंडीभाठा मार्ग पर पुलिस ने घेराबंदी कर की अवैध शराब बरामद

**बाइक चला रहे युवक की पहचान:** राजेश खुटेल (21 वर्ष), पिता नारायण खुटेल, निवासी वार्ड-09, मुरमुंदा, थाना नंदनी, जिला दुर्ग के रूप में हुई। उसके साथ मौजूद नाबालिग भी शराब परिवहन में संलिप्त पाया गया। मौके से बिना नंबर की हीरो स्प्लेंडर प्लस भी जप्त की गई।पूरे प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 334/25 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

**कार्रवाई में शामिल अधिकारी-कर्मचारी:** साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू, सउनि दिनेशचंद शर्मा, प्रआर दीनानाथ यादव, आरक्षक रामेश्वर पटेल, संजय पाटिल, नूरेश वर्मा, रेखन साहू, संतोष धीवर, टेकेन्द्र यादव, धनसाय मिरे, सुरेन्द्र जांगड़े एवं संदीप गायकवाड की सराहनीय भूमिका रही।

## मितानिनों का हुआ सम्मान



**नांदघाट।** मितानिन दिवस पर नारी स्वास्थ्य को चौबीस घंटे समर्पित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत अकोली में सरपंच सुनीता निषाद ने अकोली में श्रीफल साड़ी और तिलक कर स्वागत किया। नांदघाट में भी पूर्व उपसरपंच द्वारा मितानिनों को साड़ी भेंट किया गया।

# बेमेतरा प्रशासन सतर्क शीतलहर से निपटने के लिए व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर के मद्देनज़र प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के बाद जिले में शीत ऋतु से संबंधित सभी तैयारियाँ तेज हो गई हैं। शासन ने 17 नवंबर को संबंधित विभागों को व्यापक सावधानियाँ अपनाने और जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश जारी किए थे, जिसके अनुरूप ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को ठंड से बचाव के उपायों से अवगत कराया जा रहा है।

शीतलहर से संबंधित आपदा प्रबंधन के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। तापमान में अचानक गिरावट, अत्यधिक ठंड, राहत कार्यों या किसी भी आपात स्थिति की जानकारी के लिए नागरिक सीधे उनके मोबाइल/व्हाट्सऐप नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

### नागरिक गर्म कपड़ों का करें उपयोग : जिला प्रशासन

जिला प्रशासन ने निर्देश दिया है कि अत्यधिक ठंड के दौरान बाहर निकलते समय नागरिक गर्म कपड़ों का उपयोग अवश्य करें। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। खुले में आग जलाकर गर्माहट लेने से बचने और सुरक्षित तरीकों का उपयोग करने की अपील भी की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एसओपी का पालन सुनिश्चित करने, तथा जरूरतमंद और आश्रयहीन लोगों के लिए रैन बसेरों की सुविधाएँ सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए हैं। **मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट का करें पालन : कलेक्टर :** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट का पालन करें। उन्होंने कहा कि शीत ऋतु के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लिया गया है और राहत एवं बचाव दल पूरी तरह तैयार हैं। प्रशासन ने नागरिकों से संयम और सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी स्थिति में तुरंत सूचना देकर मदद प्राप्त की जा सकती है।

### किसानों के लिए हेल्प डेस्क, अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

**छुईखदान।** एग्रीस्टेक से जुडी समस्या के त्वरित निदान के लिए तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। छुईखदान तहसील क्षेत्र के लिए तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, राजस्व निरीक्षक योगेश धनगुन, वृशाली नायडू, अनुज पांडे, मोतीलाल साहू, अवंत कुमार, गंडई तहसील क्षेत्र में तहसीलदार नेहा ध्रुव, राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र ठाकुर, रेवती वट्टी, ओमप्रकाश पटेल, तीरथ साहू, साल्हेवारा तहसील क्षेत्र हेतु प्रभारी तहसीलदार मोहन लाल झारिया, राजस्व निरीक्षक सुलेश वर्मा, राधेश्याम यादव, जेएस मेरावी, डीके धुर्वे को किसान समस्या सबंधी आवेदन दे सकते है।

# स्कूल बस सुरक्षा पर बेमेतरा पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए बेमेतरा पुलिस ने स्कूल बस संचालन को लेकर सख्त पहल शुरू की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन में यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के बस चालकों और परिचालकों की विशेष बैठक लेकर उन्हें यातायात नियमों के पालन की विस्तृत समझाइश दी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में



यातायात विभाग की टीम मौजूद रही। यातायात प्रभारी ने साफ कहा कि चलती बस में बच्चों को चढ़ाना-उतारना बिल्कुल प्रतिबंधित है।चालक किसी भी स्थिति में नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएँगे। गति सीमा, ट्रैफिक संकेत, सिग्नल, लेन अनुशासन का पालन अनिवार्य होगा। बस में फर्स्ट-एड किट, अग्निशमन यंत्र, सभी सुरक्षा उपकरण पूरी तरह ठीक हालत में रहें, इसकी नियमित जांच आवश्यक है। साथ ही बस स्टाफ को यह सुनिश्चित करने कहा गया कि बच्चे सफर के दौरान खिड़की से हाथ-सिर बाहर न निकालें और बस में बैठना-उतरना पूरी निगरानी में हो।

### संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत सूचना देने के निर्देश

पुलिस ने चालकों-परिचालकों को समझाइश दी कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और पूर्ण सहयोग करें। वाहन के रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस रखने की अनिवार्यता पर भी विशेष जोर दिया गया। **स्कूल प्रबंधन भी रहा मौजूद:** बैठक में एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के प्रिंसिपल गिरीश कुमार, प्रधान आरक्षक खोमलाल साहू, आरक्षक राजेश राजपूत, बस मैनेजर अनिल शर्मा सहित सभी बस चालक-परिचालक उपस्थित रहे। पुलिस की इस पहल को स्कूल प्रबंधन ने सराहा और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया।

# खाती में नवोदय मॉक टेस्ट का सफल आयोजन

**बेमेतरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 की प्रभावी तैयारी और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से रविवार, 23 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाती में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में कुल 93 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अनुशासन व उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा समाप्त होने के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें ग्राम अकोला के मेधावी छात्र डेकेश्वर साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता पर उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों में भी उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। मॉक



टेस्ट के पश्चात विद्यार्थियों की गणितीय समझ को मजबूत करने हेतु प्रश्न पत्र में शामिल 20 महत्वपूर्ण गणितीय प्रश्नों को सरल ट्रिक और आसान विधियों से हल कराने का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। यह मार्गदर्शन शासकीय प्राथमिक शाला खाती के प्रधान पाठक धर्मेंद्र कुमार देवांगन ने अत्यंत सरल, रोचक और प्रभावी तरीके से प्रदान किया, जिसका विद्यार्थियों ने भरपूर लाभ उठाया और सत्र की जमकर सराहना की। मॉक टेस्ट आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकगण कांता कुमार साहू, मधु यादव, गिरवर सिंह ध्रूव, जितेंद्र सेठ, यादरम साहू, अगम दास मरकंडे एवं भवानी नेताम का विशेष योगदान रहा। संपूर्ण कार्यक्रम के संचालन, योजना एवं सतत मार्गदर्शन में प्राचार्या के. नागवंशी तथा संकुल समन्वयक खाती डी.आर. सेवैये की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक रही। उनके नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## 7300 हेक्टेयर क्षेत्र में जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार और आजीविका सशक्तिकरण से नया विकास मॉडल तैयार

# हरदास नाला मिलीवाटरशेड परियोजना ने बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत स्वीकृति वर्ष 2022-23 में प्रारंभ की गई हरदास नाला मिलीवाटरशेड परियोजना आज बेमेतरा जिले के ग्रामीण अंचल में बड़े बदलाव का आधार बन चुकी है। 19 ग्रामों के 7300 हेक्टेयर क्षेत्र में किए गए व्यापक मृदा एवं जल संरक्षण कार्यों ने किसानों के जीवन में नई उम्मीदें जगाई हैं। 1606.01 लाख रुपये की लागत वाली इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य सिंचाई की कमी वाले कन्हार, मटासी एवं मुरम युक्त क्षेत्रों में वर्षाजल संचयन, भू-क्षरण रोकथाम और भू-जलस्तर वृद्धि सुनिश्चित करना था, जिसमें जिले ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

परियोजना की शुरुआत ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने से हुई। रिचार्ज पीट निर्माण जैसे कार्यों का प्रभाव यह रहा कि कई गांवों के हैंडपंप गर्मियों में भी सतत जल उपलब्ध कराने लगे, जिससे पेयजल संकट में काफी कमी आई। वहीं 'रीज टू वेली' अवधारणा के तहत ऊँचाई वाले क्षेत्रों से जल को सुरक्षित तरीके से नीचे की



ओर बहाकर संरक्षित करने के वैज्ञानिक उपाय अपनाए गए, जिन्होंने पूरे क्षेत्र में जल प्रबंधन की नई दिशा तय की। कार्यान्वयन के दौरान गांवों में स्थायी जलस्रोत विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। 21 गली चेक, पाँच तालाबों के जीर्णोद्धार, पचरी और पीचिंग निर्माण, तथा मेंड़ों पर बरगद, नीम, पीपल और बेल जैसे पौधों के रोपण से जल संरक्षण को स्थायित्व मिला। निचले क्षेत्रों में बनाए गए 10 चेक डेम और एक भूमिगत डाइक के कारण कई बंद पड़े ट्यूबवेल पुनः चालू हो गए, जिससे खरीफ के साथ-साथ रबी की फसलों के लिए भी सिंचाई उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

### महिला सशक्तिकरण को बनाया परियोजना का अहम हिस्सा

सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देने हेतु 480 किसानों को ड्रिप, स्प्रिंकलर तथा सबमर्सिबल पंप प्रदान किए गए। इसके परिणामस्वरूप किसानों ने गेंदा, सब्जी, केला, पपीता जैसी व्यावसायिक फसलों में बेहतरीन उत्पादन प्राप्त किया। लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि ने उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। महिला सशक्तिकरण को परियोजना का अहम हिस्सा बनाया गया। आजीविका संवर्धन के अंतर्गत 57 महिला स्व-सहायता समूहों और 15 ग्रामीण उद्यमियों को चक्रीय निधि उपलब्ध कराई गई, जिससे मत्स्य पालन, वर्मी कम्पोस्ट, साबुन निर्माण, किराना और फैंसी स्टोर जैसे व्यवसायों को बढ़ावा मिला। चिखली और बनियाडीह क्षेत्र की महिला समूह अंतवर्तीय फसलों का उत्पादन कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### किसानों को मिले रोजगार और आमदनी के नए अवसर

परियोजना से भूमि की उर्वरता में वृद्धि हुई, बंजर भूमि संरक्षित हुई, भू-जलस्तर ऊपर आया और कई नलकूप पुनः संचालित हुए। किसानों को रोजगार और आमदनी के नए अवसर मिले। फसल चक्र में सुधार हुआ और किसान अब रबी में गेहूं, चना जैसी फसलें भी ले पा रहे हैं। महिलाओं को आजीविका से जोड़कर उनके आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। हरदास नाला मिलीवाटरशेड परियोजना आज 19 ग्रामों के लिए सिर्फ एक विकास योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का सफल और प्रेरणादायक मॉडल बन चुकी है। जल संरक्षण, सिंचाई विस्तार, पर्यावरण संरक्षण और आजीविका संवर्धन के संगठित प्रयासों ने इसे ग्रामीण विकास की एक मिसाल के रूप में स्थापित कर दिया है।

